हादसा | इथेनॉल प्लांट में भीषण हादसा

# भरभराकर गिरा टैंक,दो मजदूरों की मौत



**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** विगत दिवस महाकौशल शुगर मिल बचई परिसर स्थित इथेनॉल प्लांट में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक औद्योगिक हादसा हो गया। रात करीब 1:30 बजे हुए इस हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्लांट में लगा एक विशालकाय डीडीएस टैंक अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। हादसे के वक्त टैंक के नीचे काम कर रहे दो मजदूर इसकी चपेट में आ गए और बुरी तरह दब गए। मृतकों की पहचान खापा शेढ़ निवासी जगदीश यादव (32) और सिलवानी निवासी पवन ठाकुर (30) के रूप में हुई है।

हादसा इतना भयावह था कि पवन का शव दो हिस्सों में बंट गया। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में दोनों मजदूरों को फैक्ट्री की एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## हादसे के समय भी मशीन पर काम जारी था

प्रत्यक्षदर्शी और मृतक जगदीश के चचेरे भाई कमलेश ने बताया कि प्लांट में पिछले एक सप्ताह से मशीन में तकनीकी खराबी बनी हुई थी और लगातार मरम्मत का काम चल रहा था। हादसे के समय भी मशीन पर काम जारी था, तभी अचानक टैंक गिर गया। उन्होंने बताया कि जगदीश ने महज तीन महीने पहले ही नौकरी शुरू की थी और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जिसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मंगलवार सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। फिलहाल हादसे के वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं, लेकिन प्रारंभिक जांच में तकनीकी खामी या लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।


## शराब माफिया को किसका संरक्षण प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

**नवभारत,गाडरवारा।** क्षेत्र में शराब के नाम पर खुलेआम लूट मची है— न रेट लिस्ट, न बिल, और ऊपर से अवैध वसूली गांव-गांव में बिना लाइसेंस शराब बेची जा रही है, लेकिन जिम्मेदार लोग आखिर क्यों मौन हैं यह कोई छोटी लापरवाही नहीं, बल्कि प्रशासन और नेताओं की मिलीभगत की बू दे रहा है। जब नियम साफ हैं, तो फिर इतने समय से इनका पालन क्यों नहीं कराया गया जिला आबकारी अधिकारी बृजेंद्र कोरी अब कह रहे हैं कि 2-3 दिन में कार्यवाही होगी और रेट लिस्ट लगाई जाएगी। लेकिन सवाल यह है— अब तक क्या किया जा रहा था क्या अवैध वसूली और गैरकानूनी बिक्री पर आंखें जानबूझकर बंद रखी गई थीं हकीकत यह है शराब दुकानों पर नियमों की खुलेआम धज्जियां ग्राहकों से मनमानी वसूली बिना लाइसेंस गांव-गांव में शराब बिक्री और जिम्मेदार विभाग पूरी तरह नाकाम नेताओं की चुप्पी भी संदेह के घेरे में है। जनता पूछ रही है— क्या यह सब उनकी जानकारी में नहीं, या फिर सब कुछ उनकी मौन सहमति से चल रहा है अगर प्रशासन ने 2-3 दिन में सख्त कार्रवाई नहीं की, तो यह साफ हो जाएगा कि गाडरवारा में कानून नहीं, बल्कि शराब माफिया का राज चल रहा है।

## भारतीय जीवन मूल्यों की शिक्षा मनुष्य को बेहतर बनाती है : विष्णुकांत




**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत जबलपुर प्रांत द्वारा आयोजित स्थान - सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में सामान्य दक्षता संगीत प्रशिक्षण वर्ग के संवाद सत्र में श्रीमान विष्णु कांत जी ठाकुर ने भारतीय जीवन मूल्यों की शिक्षा पर अपने उद्बोधन में कहा -हमारा भारत देश केवल भौतिक उन्नति के लिए ही नहीं, बल्कि अपने उच्च आदर्शों और जीवन मूल्यों के लिए भी विश्व में प्रसिद्ध रहा है। भारतीय संस्कृति हमें सिखाती है कि जीवन केवल जीने का नाम नहीं है, बल्कि उसे सार्थक और नैतिक बनाने का नाम ही सच्चा जीवन है। भारतीय जीवन मूल्यों में सबसे प्रमुख है सत्य। हमें हर परिस्थिति में सत्य का साथ देना चाहिए। इसके साथ ही अहिंसा का भाव हमें सिखाता है कि हम किसी को भी मन, वचन और कर्म से कष्ट न पहुँचाएँ। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करना है। इसी प्रकार करुणा और सेवा हमें दूसरों के दु:ख में साथ खड़े होने और निस्वार्थ भाव से मदद करने की प्रेरणा देती हैं। हमारे जीवन में संयम और सहिष्णुता भी अत्यंत आवश्यक हैं। संयम हमें अनुशासित बनाता है, जबकि सहिष्णुता हमें विभिन्न विचारों और संस्कृतियों का सम्मान करना सिखाती है। इसके साथ ही सम्मान, परिश्रम और त्याग जैसे मूल्य हमें एक अच्छा नागरिक और श्रेष्ठ मानव बनाते हैं। बड़ों का आदर करना, मेहनत से काम करना और दूसरों के लिए अपने स्वार्थ का त्याग करना—यही सच्चे भारतीय जीवन मूल्य हैं। अंत में, मैं यही कहना चाहूँगा कि यदि हम इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सफल होगा, बल्कि हमारा समाज और राष्ट्र भी प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। इस अवसर पर पंकज चौकसे सांसद प्रतिनिधि व राष्ट्रीय महामंत्री कल्चुरी समाज गोटेगांव हरिराम तिवारी प्रांत प्रमुख महाकौशल प्रांत हरिराम तिवारी प्रांत प्रमुख महाकौशल प्रांत नगरीय शिक्षा रविशंकर शुक्ल प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख, शिवानंद सिन्हा वर्ग संयोजक, राजकुमार जैन जिला सचिव सरस्वती शिक्षा परिषद नरसिंहपुर राम बहोर पटेल क्षेत्र संयोजक प्रारंभिक शिक्षा रवि मिश्रा विभाग समन्वयक रीवा राम शिरोमणि विभाग समन्वयक शहडोल मनोज गोस्वामी विभाग समन्वयक मंडला छिंदवाड़ा, कमलेश अग्रहरि विभाग समन्वयक जबलपुर, शिवनारायण शर्मा प्रांत घोष प्रमुख ग्रामीण शिक्षा बालकृष्ण शर्मा प्रांत संगीत प्रमुख विजय साहू प्रांत संयोजक शारीरिक शिक्षा एवं सभी शिक्षार्थी आचार्य दीदियां उपस्थित रहीं, मंच का सफल संचालन राजकुमार ठाकुर विभाग समन्वयक छतरपुर विभाग एवं स्वागत स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य नर्मदा गुप्ता ने स्वागत किया।



## 15 मई के पहले समाधान योजना से जनता को करें लाभान्वित : नीलाभ श्रीवास्तव

**नवभारत,गोटेगांव।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्वत ने क्षेत्र अंतर्गत जनता से की विनम्र अपील मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजना समाधान योजना में 15 मई तक अंतिम चरण में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने हेतु व्रत के दोनो कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले और कार्यपालन आशुतोष ओझा और समस्त सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता को निर्देशित किया गया है कि 15 मई तक अंतिम चरण में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित कर योजना का लाभ प्राप्त करवाए बचे दस दिनों में गांव गांव जाकर घर घर दस्तक दी।

## उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर हो रही विभिन्न समस्याओं के चलते अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम तेंदूखेड़ा एस डी एम को सौंपा है जिसमें उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ नरसिंहपुर मांग करता है कि गेहूं चना मसूर का उपार्जन केन्द्र चालू है।

लेकिन किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिनको तत्काल प्रभाव से दूर किया जाए। किसानों ने कहा है कि उपार्जन केंद्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाई जाए। और तौल प्रक्रिया की गति भी बढ़ाई जाए एवं किसानों की ट्रैकिंग की उचित व्यवस्था की जाए। समय सीमा में



तुलाई कराई जाए। उपार्जन केंद्रों पर एफ ए क्यू के नाम पर किसानों को परेशान कर माल को रिजेक्ट कर दिया जाता है। तथा अधिक तौल की जाती है जिससे किसानों को मजबूरी में कम दामों पर माल बेचना पड़ता है। जिसकी उचित जांच व्यवस्था की जाए। किसानों का अनाज गेहूं चना मसूर ट्रांसपोर्ट की समुचित व्यवस्था की जाए ।समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए ।सरकार द्वारा बनाई गई नीति में जल्द सुधार नहीं होता है तो किसान मजदूर समाज को आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा ।खाद के लिए किसानों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है जिसकी उचित व्यवस्था की जाए व ई टोकन बंद किया जाए तेंदूखेड़ा से गाडरवारा सड़क मार्ग के शोल्डर पर साइड पट्टी बनाई जा रही है जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। जिसमें पीली मिट्टी डाली जा रही है। बरसात के दिनों में दुर्घटना का कारण बनेगी यहां पर मिट्टी की जगह मुरमा डाली जाये इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। यदि समय रहते तत्काल प्रभाव से सुधार नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर हो होंगे।

## नमक के पैकटों में निकल रही रेत




**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सोसाइटियों में दो माह का खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। उसके साथ मिलने वाले नमक के पैकटों में नमक की जगह रेत निकल रही है। उपभोक्ताओं ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि लोगों ने नमक जानकर भोजन में डाल दो दिया लेकिन जब भोजन करते समय चरचराई और नमक का स्वाद नहीं मिला तो तत्काल उक्त नमक को पानी में डालकर इसकी जांच की गई तो नमक घुला नहीं। सोसायटी पहुंचने वाले उपभोक्ताओं द्वारा इसकी शिकायतें भी की जा रही है। खाद्य विभाग के अधिकारी इस विषय से अनजान बनें हुए हैं। और उक्त अधिकारी केवल त्यौहारों के समय ही जांच के नाम पर वसूली करने के लिए ही आते हैं वाकी समय नदारत ही पाये जाते हैं इन अधिकारियों को यदि खाद्य सुरक्षा को लेकर यदि जानकारी के लिए कोई फोन भी लगाता है तो फोन भी नही उठाते हैं। तत्काल प्रभाव से इनकी गतिविधियों पर विराम लगाया जाये।

### एक नजर में



## भाजपा को मिली विजय पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाईयां

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस आत्मनिर्भर मंडल के उद्देश्य को लेकर मंडल तेन्दूखेड़ा की मासिक कामकाजी बैठक आयोजित की गई। तत्पश्चात बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय श्री पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिला कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

## डाकघर बना आधार सेवाओं का भरोसेमंद केंद्र

**नवभारत,गाडरवारा।** आम नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने सराहनीय पहल करते हुए शहर में आधार सेवाएं स्थानीय स्तर पर शुरू कर दी हैं। अब लोगों को आधार कार्ड बनवाने या उसमें संशोधन के लिए दूर-दराज के केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शहर के पलोटन गंज स्थित डाकघर में संचालित आधार सेवा केंद्र शुरू होने से आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। इससे न सिर्फ समय और पैसे की बचत हो रही है, बल्कि व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और सुगमता भी आई है। यह केंद्र प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित हो रहा है, जहां प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा निर्धारित नियमों के तहत आधार से जुड़े सभी कार्य किए जा रहे हैं। डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और केंद्र पर पहुंचते समय सभी आवश्यक मूल दस्तावेज साथ लेकर आएं, ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न हो। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले आधार अपडेट के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। लेकिन अब यह सुविधा शहर में ही उपलब्ध होने से बड़ी राहत मिली है। इस संबंध में पोस्टमास्टर मुकेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में आधार अपडेट को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह सुविधा शुरू की गई है। अब गाडरवारा डाकघर में पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ आधार सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे लोगों का भरोसा भी बढ़ा है। उपलब्ध सेवाएं नया आधार कार्ड नामांकन नाम, पता एवं जन्मतिथि में संशोधन मोबाइल नंबर एवं ई-मेल अपडेट बायोमेट्रिक अपडेट।

## 'मां नर्मदा समाज की महत्वपूर्ण बैठक 16 मई को

**नवभारत,गाडरवारा।** मां नर्मदा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 16 मई को ग्राम गजनी, जिला नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी। बैठक का समय दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है, जिसके लिए सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सुबह 8 बजे प्रस्थान करने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रमुख रूप से प्रदेश संरक्षक सदस्य तपन भौमिक, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, गृह विभाग निगम मंडल से जुड़े जैन जी, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण पटेल सहित कई गणमान्य सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। बैठक के दौरान लगभग चार जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा भी की जाएगी, जिससे संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



## ग्राम पंचायतों में साफ सफाई पर ध्यान नहीं सरपंच, सचिव, सहसचिव कर रहे मनमानी

**नवभारत,गोटेगांव।** भाजपा सरकार लगातार साफ सफाई स्वच्छता के लिए तरह-तरह के जतन कर योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन स्वच्छता को लेकर ग्राम पंचायत में बैठे सरपंच सचिव सहसचिव मोदी सरकार की स्वच्छता अभियान की मंनसा पर पानी - फेर रहे क्योंकि लगातार देखने में आ रहा है की जनपद पंचायत गोटेगांव की कई ग्राम पंचायतों में गांव के कचरे को एक जगह पर डालने के लिए - कचरादानों का निर्माण करवाया है। मगर इन कचरादानों में कचरा भरने के बाद स्वच्छता की दिशा में किसी भी पंचायत के कर्मचारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण जिस गांव में कचरादान का निर्माण किया गया है। वहां पर कचरादान पूरी तरह से भर जाने के बाद बजबजा रहे हैं। इसके बाद भी भी पंचायतकर्मी ध्यान नहीं दे रहे जिससे गांव में संक्रमण बढ़ने का खतरा भी बढ़ रहा है द्व पंचायत कर्मियों द्वारा की जा रही लापरवाही एवं मनमानी से परेशान होकर ग्राम वासियों ने नगरीय प्रशासन से साफ सफाई और स्वच्छता कराने के साथ-साथ लापरवाह सरपंच, सचिव, जीआरएस पर वैधानिक कार्यवाही की मांग की है।

## ऐतिहासिक जीत पर गाडरवारा में गूंजा जयघोष




**नवभारत,गाडरवारा।** स्वतंत्र भारत के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ते हुए पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व जीत और सरकार गठन के उपलक्ष्य में, साथ ही असम एवं पुडुचेरी में लगातार मिली ऐतिहासिक सफलताओं के अवसर पर गाडरवारा विधानसभा के नगर मंडल गाडरवारा में भव्य एवं उत्साहपूर्ण विजय उत्सव मनाया गया। गाडरवारा की पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नारों के साथ जश्न का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इज़हार किया और पूरे शहर में उत्सव जैसा वातावरण बन गया। इस दौरान भारत माता की जय,वंदे मातरम्‌ और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह ऐतिहासिक जीत केवल एक राज्य की राजनीतिक सफलता नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के जनमानस की जीत है। यह जीत उन ताकतों पर करारा जवाब है जो वर्षों से डर, हिंसा और शोषण की राजनीति कर रही थीं। अब देश की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के मार्ग को चुन चुकी है। वक्ताओं ने आगे कहा कि यह सफलता भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की दूरदर्शी सोच, मजबूत रणनीति और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। विशेष रूप से बंगाल में कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष करते हुए पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने कहा कि यह जीत नए भारत की नींव को और मजबूत करने वाली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनता की सेवा करेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय गुप्ता सहित अनेक भाजपा नेता, पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित कर लक्ष्य की पूर्ति करें : कलेक्टर

### किसानों को समझाईश दें की नरवाई न जलाएं इससे मृदा और पर्यावरण को होता है नुकसान

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से करें। हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित कर लक्ष्य की पूर्ति करें। उन्होंने कहा कि शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में कृषि, आत्मा, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग एवं मंडी की विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में कृषि व उससे संबंधित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि किसानों को समझाईश दे कि वह फसल के अवशेषों (नरवाई) को न जलाए। इससे मृदा एवं पर्यावरण को नुकसान होता है। उन्होंने नरवाई जलाने वालों के




विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि किसानों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार उर्वरक, बीज, कीटनाशक एवं खाद का वितरण करें। उक्त कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में जलसंचय भागीदारी के तहत सोकपिट, नलकूप रिचार्ज और मेढ़बंधान इत्यादि जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य की पूर्ति करें। चौपाल, संगोष्ठिया एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जलसंचय संरचनाओं के निर्माण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जिले में उड़द फसल के रकबे को बढ़ाने के लिए विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के लिए संगोष्ठियों का आयोजन कर जागरुक करें।

#### आपूर्ति सुनिश्चित करें

आयोजित संगोष्ठियों में कृषि, आत्मा एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिकों प्रगतिशील/ सफल किसानों को सम्मिलित कर अन्य किसानों को प्रेरित करने को कहा। कलेक्टर सिंह ने उद्यानिकी विभाग द्वारा फल, मसाला, सब्जी की खेती का क्षेत्र विस्तार और जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। जिससे जिले के किसान उद्यानिकी में फल, मसाला एवं सब्जी की खेती को अपना सकें। आयोजित बैठक में मत्स्य विभाग अंतर्गत तालाबों का उपयोग, बायोफ्लॉक, स्मार्टफिश पार्लर की प्रगति और मत्स्य समितियों के बैंक खाते खुलवाने के संबंध में चर्चा की गई। पशुपालन विभाग की समीक्षा में क्षीरधारा योजना, हिरण्यगर्भा योजना, नेशनल लाइवस्टाक मिशन जैसी योजनाओं के आपूर्ति सुनिश्चित करें।



## अव्यवस्थाओं के बीच किसानों का संघर्ष जारी

**नवभारत,गोटेगांव।** क्षेत्र के समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उपार्जन केंद्रों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की एक-एक किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं, जहां किसान पिछले पांच से सात दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि पहले स्लाइड बुकिंग में खासी मशक्कत करनी पड़ी और अब केंद्र पर पहुंचने के बाद सर्वेयरों की मनमानी का सामना करना पड़ रहा है। कथित तौर पर मानक उपज को भी रिजेक्ट कर दिया जाता है, लेकिन सुविधा शुल्क के बाद वही उपज अचानक ठीक मान ली जाती है। भीषण गर्मी और 44 डिग्री तापमान के बीच किसान खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। केंद्रों पर पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण किसानों को घरों से पानी की कुप्पियां साथ लानी पड़ रही हैं। इसके अतिरिक्त, अचानक बारिश होने की स्थिति में उपज को सुरक्षित रखने के लिए भी पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। तुलाई की धीमी गति और बारदाने की कमी ने इस समस्या को और अधिक विकराल बना दिया है। किसानों का कहना है कि बारदाने की आपूर्ति में भी ऊपर से नीचे तक बड़ा खेल चल रहा है, जिससे तुलाई कार्य बाधित हो रहा है।